भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 700
दिनांक 04 दिसंबर 2025

निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा कच्चे तेल और गैस की खोज

†700. **डॉ. थोल तिरूमावलवनः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री*** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश तथा विदेशों में निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं द्वारा की गई कच्चे तेल तथा गैस की खोज की संख्या का ब्यौरा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास देश में खोजे गए हाइड्रोकार्बन कुओं की संख्या और नए कुओं में पाए जाने वाले ऐसे भंडार की क्षमता का ब्यौरा है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग) दिनांक 31.3.2025 की स्थिति के अनुसार देश में सार्वजनिक क्षेत्र (नामांकन व्यवस्था) द्वारा कच्चे तेल और गैस अन्वेषण के अंतर्गत पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस (पीईएल) रकबा 1583 एसकेएम (वर्ग किलोमीटर) है; तथा सार्वजनिक क्षेत्र/निजी एवं संयुक्त उद्यम कंपनियों द्वारा रकबा 12,539 एसकेएम है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा कुल 616 ब्लॉक तथा निजी क्षेत्र और संयुक्त उद्यम की कंपनियों द्वारा 194 ब्लॉक प्रचालित किए जा रहे हैं।

सरकार ने खुला रकबा लाइसेंसिंग नीति (ओएएलपी) और खोजे गए छोटे क्षेत्र (डीएसएफ) नीति के तहत कुल 112 ब्लॉक प्रदान किए हैं तथा जिन प्रचालकों को ये ब्लॉक प्रदान किए गए हैं, उन्होंने विगत पाँच वर्षों के दौरान कुल 101 अन्वेषण कूपों का वेधन किया है।

इसके अलावा, प्रचालकों द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान 34 खोजों के नोटिस (एनओडी) प्रस्तुत किए गए हैं। विवरण इस प्रकार हैं:

विगत तीन वर्षों के दौरान हुई हाइड्रोकार्बन खोजों के प्रकार				
वर्ष	गैस	ऑयल	ऑयल और गैस	कुल
2022-23	6	4	2	12
2023-24	5	5	2	12
2024-25	5	3	2	10
कुल योग	16	12	6	34

इन खोजों में पाए गए भंडार की क्षमता लगभग 19 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) तेल तथा 76 बिलियन घन मीटर (बीसीएम) गैस है।

ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओएनजीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) विभिन्न देशों में प्रचालक/ संयुक्त उद्यम भागीदार के रूप में अन्वेषण और विकास गतिविधियां करती है, जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ कोलंबिया, ब्राजील, वियतनाम, म्यांमार, रूस, दक्षिण सूडान, मोजाम्बिक, वेनेजुएला आदि शामिल हैं। ओवीएल ने विगत 03 वर्षों के दौरान, 11 अन्वेषण कूपों का वेधन किया है, जिनमें 4.43 एमएमटी तेल और 6.16 बीसीएम यूरो 2पी गैस के भंडार की क्षमता है।

*****